तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 29. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 28 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



बच्चों को हमेशा नया सीखने के लिए करें प्रेरित

4




## खबर संक्षेप

### खरीफ फसल के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आगामी खरीफ फसल हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया जाएगा। इस हेतु 390 ऐसे ग्रामों का चयन किया गया है जहां जियो-रेफरेंसिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इन ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक किया जाएगा। उक्त सर्वे हेतु प्रत्येक चयनित ग्राम में 20-20 सर्वेयरों का चयन किया जाना है। सर्वेयरों को प्रत्येक खेत के स्थल पर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से फसल का सर्वे करना होगा तथा 3 स्थल चित्र (फोटो) अपलोड करना आवश्यक होगा। सर्वेयरों को सर्वे कार्य हेतु 10 रु प्रति खसरे का मानदेय राशि उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे में भाग लेने हेतु सर्वेयर बनने के इच्छुक युवाओं के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास, आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, स्वयं का एंड्रॉइड मोबाइल फोन इंटरनेट के साथ, स्वयं का बैंक खाता अनिवार्य है।

### विधायक की अनुशंसा से मिली गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति



**चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप की अनुशंसा से ग्राम सरखों एवं ग्राम सिउड़ में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत नाली सह सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्राम सरखों के सरपंच सहित ग्रामवासियों ने फकीर के घर से लेकर बैगा पारा तक नाली सहित सीसी रोड निर्माण कराने की मांग रखी थी। इसी प्रकार ग्राम सिउड़ के सरपंच के द्वारा भी मुख्य नहर पुल से गोसाई तालाब की ओर नाली सह सीसी रोड निर्माण कराने की मांग रखी गई थी। उक्त मांगो की स्वीकृति के लिए जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत प्रस्ताव उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को प्रेषित किया था। विकासखंड नवागढ़ के ग्राम सरखों में फकीर के घर से लेकर बैगा पारा तक नाली सह सीसी रोड निर्माण के लिए 24.52 लाख रुपए तथा ग्राम सीउड़ में मुख्य नहर पुल से गोसाई तालाब की ओर नाली सह सीसी रोड निर्माण के लिए 27.17 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उक्त निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिलने से ग्रामवासियों में हर्ष है तथा उन्होंने विधायक ब्यास कश्यप के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### दो दिन पानी नहीं गिरने से बढ़ा पारा, उमस भरी गर्मी ने रूलाया

**जांजगीर-चांपा।** दो दिनों से आसमान से बारिश नहीं होने पर तापमान का पारा बढ़ने लगा है। लिहाजा लोग उमस भरी गर्मी से परेशान है। बंद हुए कूलर फिर से निकलने शुरू हो गए है। परेशानी तब बढ़ जाती है बिजली का आना जाना प्रारंभ हो जाता है। लोग बिना कूलर व पंखे के व्याकुल हो जाते है।

# चचेरे भाई का अपहरण कर 10 लाख फिरौती मांगने के मंसूबे पर फिरा पानी, 3 आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने 48 घंटे के भीतर अपहृत बालक को सकुशल किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जमीन विवाद के पुराने रंजिश को लेकर 8 वर्षीय मासूम बालक के अपहरण मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने 48 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों में मुख्य आरोपी अपहृत बालक का चचेरा भाई है, जिसने पूरे अपहरण की साजिश रजते हुए 10 लाख रुपए फिरौती मांगने की योजना बनाई थी। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के लगरा गांव का है।

8 वर्षीय बालक के अपहरण मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने पत्रवार्ता आयोजित की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम लगरा में 8 साल के मासूम बालक के सोमवार अपहरण की सूचना पर पुलिस सकते में आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में बालक की तलाश शुरू की गई। इस दौरान 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पुलिस ने बताया कि इस दौरान एक टैम्पो ट्रैक्स गामा सीजी 11 बीएन 0720 लगातार मूवमेंट करते नजर आया। वह बालक के चचेरे भाई आरोपी राहुल टंडन की थी। इस पर पुलिस ने राहुल से पूछताछ की तो उसने 4 बजे बालक को गुड़ी के पास देखना बताया। फुटेज के अनुसार उसका बयान विरोधाभास होने पर पुलिस ने सख्ती बरती और पूछताछ की तो उसने अपहरण की कहानी बयां कर दी। इसके आधार पर पुलिस ने अपहृत बालक को गौरेला पेण्ड्रा के ग्राम करिआम से सकुशल बरामद किया। मामले में उसके साथी खपरी निवासी आरोपी प्रशांत कुमार मैना पिता अभिमन्यु मैना उम्र 19 वर्ष और उमेश दिवाकर उर्फ ननकी पिता संतू दिवाकर उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन की भी जब्ती बनाई गई। बहरहाल मुलमुला पुलिस ने विवेचना में ले लिया है।

**इस तरह आरोपी आए पुलिस के पकड़ में-** पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इस दौरान पता चला कि बालक दोपहर 2 बजे तक गांव में था। इसके बाद गुम हो गया। ऐसे में निकासी मार्गो के फुटेज खंगाले गए, जहां कोई गतिविधि नजर नहीं आने पर पुलिस को शंका हुई कि वह किसी वाहन या पहचान के व्यक्ति के साथ या गांव की सीमा से बाहर गया होगा ऐसे में बालक आखिरी बाहर जहां देखा गया था, वहां बालक के बड़े पिता का लड़का राहुल टंडन का वाहन टेम्पो ट्रेक्स गामा वाहन का मूवमेंट होना पाया। इस पर पुलिस को शंका हुई और उससे पूछताछ करने पर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने जमीन विवाद के रंजिश को लेकर अपहरण की साजिश रची थी और उसने 10 लाख रुपए फिरौती मांगने की योजना बनाई थी, लेकिन इसके पहले वे पुलिस की पकड़ में आ गए।

**खास बातें**

- मुलमुला थाना क्षेत्र के लगरा गांव का मामला
- 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को मिली सफलता
- पुराने जमीन विवाद के चलते आरोपी रखता था रंजिश



## टेंपल सिटी में रेत के अवैध कारोबारियों पर प्रशासन का शिकंजा

# अवैध रूप से भंडारित 300 ट्रैक्टर से अधिक रेत महानदी में वापस डाली



अवैध रूप से भंडारित रेत को जेसीबी से वापस महानदी में डिस्पोज कराते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण-जांजगीर

टेंपल सिटी शिवरीनारायण में रेत के अवैध कारोबारियों के बीच उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जिला मुख्यालय जांजगीर से खनिज विभाग की टीम कार्रवाई करने पहुंची। दरअसल अबकी बार अवैध रूप से भंडारण किए गए रेत की ना केवल जब्ती बनाई गई बल्कि उसे मशीन लगाकर वापस महानदी में डिस्पोज करा दिया गया। इस दौरान तकरीबन 300 ट्रैक्टर से अधिक रेत को महानदी में वापस डाला गया।

गौरतलब है कि प्रतिबंध के बावजूद टेंपल सिटी शिवरीनारायण में जीवनदायिनी महानदी में रेत के अवैध उत्खनन का सिलसिला पिछले महीनों से चला आ रहा था। यहां सक्रिय माफियाओं द्वारा ना केवल रात के अंधेरे में महानदी का सीना छलनी करके रेत निकालने का काम होता था, बल्कि नदी के आसपास बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण करने और रातों रात परिवहन करने का काम भी हो रहा था। इस मुद्दे को हरिभूमि द्वारा मंगलवार 27 अगस्त के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। जिसके उपरांत कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिला खनिज अधिकारी अनिल साहू के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम शिवरीनारायण पहुंची। मौके पर पहुंची टीम ने नदी के आसपास इलाकों में अवैध रूप से भंडारित रेत को जब्त किया। खास बात यह है कि अबकी बार बड़ी मात्रा में जब्त रेत को सुपुर्दगी में देने के बजाए अफसरों ने जेसीबी और ट्रैक्टर से वापस महानदी में डलवा दिया। बताया जाता है कि तकरीबन 3 सौ ट्रैक्टर से अधिक डंप किए गए रेत को वापस महानदी में डिस्पोज कराया गया। इस तरह की कार्रवाई के बाद रेत के अवैध कारोबारियों

### ... तो वाहनों का लायसेंस निरस्त कर भेजेंगे जेल

जिले में रेत के अवैध कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। इसी कड़ी में पहली बार जब्त रेत को सुपुर्दगी में देने के बजाए वापस नदी में डिस्पोज करने का काम हुआ है। खनिज विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मौके पर पहुंची टीम ने रेत के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अबकी बार अवैध उत्खनन और परिवहन में लगी गाड़ियां पकड़ी जाती है तो उनका लायसेंस करने की कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह संबंधित लोगों को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल भेजा जाएगा।



टेंपल सिटी में माफिया सक्रिय, जगह जगह डंप कर रहे रेत

### हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था

टेंपल सिटी शिवरीनारायण में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के मुद्दे को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ उठाया गया। जिसके उपरांत बड़ी कार्रवाई हुई है। हरिभूमि के मंगलवार 27 अगस्त के अंक में टेंपल सिटी में माफिया सक्रिय, जगह जगह डंप कर रहे रेत शीर्षक से समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया, जिसके उपरांत मंगलवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम पहुंची और यह कार्रवाई की गई।

### सख्त कार्रवाई के निर्देश

रेत के अवैध कारोबारियों पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश पर शिवरीनारायण में कार्रवाई हुई है। यहां अवैध रूप से भंडारित 3 सौ ट्रैक्टर से अधिक रेत को जब्त करके महानदी में वापस डिस्पोज कराया गया है।

-ब्यास कश्यप
विधायक, जांजगीर-चांपा

# जल जीवन मिशन में गड़बड़ी, केन्द्रीय मंत्री के समक्ष शिकायतों का लगा अंबार

## सक्ती में भाजपा नेताओं व नागरिकों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

जल जीवन मिशन के कार्यो में गड़बड़ी को लेकर पार्षदों ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष शिकायत करते हुए उक्त कार्य के भुगतान पर शीघ्र रोक लगाते हुए कार्य की केन्द्रीय टीम से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

ज्ञात हो कि बुधवार 27 अगस्त को भाजपा नगर मंडल शक्ति के पदाधिकारी व पार्षदों ने सक्ती जिले में चल रहे जल आवर्धन योजना अंतर्गत पाइपलाइन के कार्य में निर्माण एजेंसी के मनमानी को लेकर शहरी विकास व आवास के केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को शिकायत पत्र सौंपते हुए उक्त कार्य के भुगतान पर शीघ्र रोक लगाते हुए कार्य की केंद्रीय टीम से उच्च स्तरीय जांच की मांग की। 27 अगस्त को केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू का क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े के निवास आगमन पर भाजपा नगर मंडल सक्ती के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर जल आवर्धन योजना के संबंध में शिकायत पत्र सौंपा गया तथा इस विषय को लेकर केंद्रीय मंत्री के द्वारा भाजपा सक्ति के नेताओं के साथ में अलग से बैठक कर जल आवर्धन के विषय में विस्तार से चर्चा की। जिसमें भाजपा नगर के पदाधिकारी व पार्षदों के द्वारा बताया गया कि उक्त जल आवर्धन का कार्य 2 वर्ष में पूर्ण हो जाना था किंतु आज 4 वर्ष होने को है और योजना अभी भी 30 प्रतिशत अपूर्ण है लेकिन संबंधित एजेंसी को 90 प्रतिशत तक का भुगतान किया जा चुका है फिर भी लोगों को पानी की एक बूंद नसीब नहीं है। उपस्थित भाजपा के मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि निर्माण एजेंसी के द्वारा नगर में करोड़ों के पूर्व में हुए सड़क, नाली व अन्य निर्माण कार्य को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है और भारी बरसात में लगातार नगर में जगह-जगह गड्ढे खोद दिए जा रहे हैं। साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि योजना शुरुआत में लगभग 100 करोड़ की लागत से पूर्ण होनी थी किंतु 90 प्रतिशत भुगतान लेने के बाद भी लोगों को एक बूंद पानी पाइपलाइन के द्वारा आज पर्यंत नहीं पहुंच पाया है और साथ ही निर्माण एजेंसी की लापरवाही से

⏭ शेष पेज 2 पर

### लूट के नीयत से घर में घुसने वाला गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम कल्याणपुर में रात्रि के समय लूट की नीयत से घर में घुसकर घर में रहने वाले लोगों को आतंकित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

अकलतरा पुलिस से यह जानकारी मिली कि 24 अगस्त की रात्रि थाना अकलतरा क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी राकेश दास की मां ने किसी व्यक्ति के द्वारा मंगलसूत्र की चोरी की आशंका जताई। आरोपी चेतन महंती के द्वारा पास में ही रखे हसिया को महिला के गले में रखकर राकेश दास के परिजनों को धमकी दी गई की यदि कोई उसे नुकसान पहुंचाएगा तो वह हंसिया से महिला के गले में वार कर देगा। आरोपी चेतन दास महंत को पलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

### वीडियो बना रहे युवाओं को हाथियों ने दौड़ाया

**रायगढ़।** जिले के घरघोड़ा रेंज के नवापारा-टेंडा जंगल में 26 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी बीच हाथियों के झुंड ने घरघोड़ा रेंज में वीडियो बना रहे बाइक सवार युवकों को मारने के लिए दौड़ा दिया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम बाइक पर सवार दो युवक जंगल के रास्ते से गुतर रहे थे। तभी उन्होंने नवापारा से भेंगारी मार्ग की तरफ बढ़ रहे हाथियों के दल को देखा और वीडियो बनाने लगे। इस दौरान हाथियों का दल जंगल में आगे बढ़ रहा था। युवक उनका वीडियो बना रहे थे तभी दल से निकलकर एक बड़े हाथी ने बाइक सवारों को जमकर दौड़ाने लगा। हाथी ने काफी दूर तक उन्हें दौड़ाया, फिर वह जंगल में चला गया। दौड़ाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### सहकारी समिति के पूर्व प्रभारी प्रबंधक और ऑपरेटर पर धोखाधड़ी के आरोप, जनदर्शन में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

सेवा सहकारी समिति कड़ारी के पूर्व प्रभारी प्रबंधक और आपरेटर पर धोखाधड़ी करने का आरोप है। इसे लेकर शिककायतकर्ता ने जनदर्शन में फरियाद लगाई है।

ज्ञात हो कि सेवा सहकारी समिति कड़ारी में फर्जीवाड़े का मामला लगातार गहराता जा रहा है। संस्था के पूर्व प्रभारी और ऑपरेटर पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। सेवा सहकारी समिति कड़ारी अध्यक्ष हीरासाय साहू ने 11 दिसंबर 2024 को की थी, लेकिन इस शिकायत को गुपचुप तरीके से लगभग पांच माह बाद 2 मई को बिना उनकी जानकारी दिए ही जांच पूरी कर ली गई। जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत होने पर उन्होंने इस कार्यवाही को संदेहास्पद बताया और असंतोष जताया। इसके बाद सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष ने पुनः कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई। अब इस मामले में कल 28 अगस्त को जांजगीर में जांच कार्यवाही तय की गई है, जिसमें शिकायतकर्ता को उपस्थित होने के लिए बुलाया गया है। ने सबूतों के साथ यह भी आरोप लगाया है कि पूर्व प्रभारी संस्था प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर ने मिलकर दूसरों की जमीन के खसरा नंबर का उपयोग कर अपने चहेतों के नाम पर धान की खरीदी की। इतना ही नहीं, ऑपरेटर के पिता के नाम पर भी किसी अन्य व्यक्ति की जमीन का खसरा नंबर इस्तेमाल किया गया। इस मामले को लेकर वर्तमान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत करते हुए इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।







## खबर संक्षेप

### प्रभारी प्रधानपाठक एवं भृत्य का स्थानांतरण व कार्रवाई हेतु लिखा पत्र

**कोरबा।** विधायक प्रतिनिधि व भाजपा जिला कार्य समिति कृष्णानंद राठौर ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि सागर टंडन प्रभारी प्रधानपाठक एवं उमाशंकर पाटले भृत्य के पद पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय छिन्दपुर में कार्यरत हैं इन दोनों के द्वारा अपने मर्जी से स्कूल का संचालन किया जा रहा है स्कूल में पढाई का स्तर भी निम्न है। बच्चे के द्वारा हमेशा से शिकायत किया जा रहा है बच्चे के शिकायत करने के बाद इन दोनों को समझाया गया है लेकिन किसी भी बात को नहीं माना गया। उमाशंकर पाटले के द्वारा मै गाँव से ही हू बोलकर बच्चों को धौंस दिखाया जाता है और अपने भृत्य के कार्य स्कूल के साफ सफाई को भी बच्चे के द्वारा करवाया जाता है। विद्यार्थियों को अपशब्द का प्रयोग कर,डरा धमकाकर रखा जाता है स्कूल में काम छोड़कर बैठे रहते हैं स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय छिन्दपुर में ध्वजारोहण भी नहीं किया गया।

### बुंदेली में श्याम अखाड़ा महोत्सव 30 से

**कोरबा।** ग्राम बुंदेली स्थित श्री श्याम अखाड़ा परिसर में इस वर्ष का 11वां श्री श्याम अखाड़ा महोत्सव 30 अगस्त को भव्य रूप से मनाया जाएगा। श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण यह आयोजन न केवल भक्ति रस में डुबोएगा बल्कि मानव सेवा का भी अद्भुत संदेश देगा। इस संबंध में आयोजक समिति ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रमों की शुरुआत अखण्ड ज्योत प्रज्वलन से होगी। इसके बाद चुनरी उत्सव, इत्र वर्षा, छप्पन भोग और दरबार सेवा जैसे धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्रद्धालुओं के लिए श्री श्याम रसोई की विशेष व्यवस्था रहेगी, जिससे हर आगंतुक को बाबा का प्रसाद उपलब्ध हो सके। समिति का कहना है कि मानव सेवा ही माधव सेवा है, यही हमारे आयोजन की मूल भावना है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण भजन संध्या होगी, जिसमें देशभर से नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से भक्तिरस की गंगा बहाएंगे। देर रात तक श्याम दरबार भक्ति गीतों की गूंज से सराबोर रहेगा।

### तुमान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** विद्या भारती के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर के संकुल स्तरीय एवं सांस्कृतिक महोत्सव ग्राम तुमान में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिन सम्मिलित हुए। जिसमें अधिकांश खेलकूद में सरस्वती शिशु मंदिर तिलकेजा के प्रतिभागी बहिन प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उनमें गिल्ली डंडा ईशांत साहू प्रथम, आदित्य लंबी कूद प्रथम, कुमारी शगुन चौहान 400 मी लंबी दौड़ प्रथम, समीर बंजारे 400 मीटर लंबी कूद प्रथम, गोला फेंक में समीर बंजारे प्रथम, किशन साहू रिले रेस में प्रथम, अरुण बोरा दौड़ में प्रथम, अमन कुर्सी दौड़ में तृतीय, भूमि शास्त्री नृत्य में प्रथम, यमुना कथा कथन में प्रथम, बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में खेल प्रभारी श्रीमती सुनीता चंद्रा एवं श्रीमती रमा कौशिक के कुशल मार्गदर्शन रहा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जल जीवन मिशन में ...

योजना की लागत भी लगभग 20 प्रतिशत बढ़ोतरी होते हुए 120 करोड़ के आसपास पहुंच गई है। नगरपालिका के उपाध्यक्ष भारत यादव ने कहा कि भरी बरसात में बिना नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों के जानकारी के बिना नगर के कई वार्डो में निर्माण एजेंसी द्वारा मनमाने तरीके से रात के अंधेरे में सड़कों नलियों को क्षतिग्रस्त कर गड्ढे खोदकर पूरे नगर की सड़कों व गलियों को कीचड़ युक्त बना दिया गया नगरपालिका के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के लोगो को कई बार बोलने पर भी पाइपलाइन डालने क्षतिग्रस्त किए गए सड़कों,नलियों व निर्माण कार्यों के मरम्मत नहीं की गई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला मंत्री भवानी तिवारी, सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र, नगरपालिका उपाध्यक्ष भारत यादव, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष पहलवान दास, नगर महामंत्री संजय अग्रवाल, विजय जायसवाल, पार्षद पिंटू यादव,गोविंद देवांगन,सुरेश साहू,मनोज सोनी,मंडल उपाध्यक्ष दादू केवंट, परमेश्वर साहू, पिंटू सिंघल,रामावतार साहू सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एक सप्ताह के भीतर कार्यपालन निदेशक को सौंपेंगे रिपोर्ट

# केबल घोटाले की गुणवत्ता और मात्रा को जांचने के लिए 5 टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




आरडीएसएस योजना के तहत जिले में लगभग 110 करोड़ की लागत से विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त किया जाना था, जिसमें एबी केबल आपूर्ति की जानी थी। जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी की एबी केबल आपूर्ति किए जाने का मामला सामने आया था। जांच में खुलासा होने के बाद अब कार्यपालन निदेशक बिलासपुर ने गुणवत्ता व मात्रा के लिए 5 टीम बनाई गई है। उक्त टीम एक हफ्ते के भीतर जांच कर रिपोर्ट को कार्यपालन निदेशक को सौंपेंगे।

उल्लेखनीय है कि आरडीएसएस योजना के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में करोड़ों की लागत से कार्य किया जा रहा था। जिले में भी लगभग 110 करोड़ के तहत कार्य किया जा रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा बिजली चोरी रोकने और ट्रांसमिशन लॉस कम करने के उद्देश्य से एरियल बंच केबल (एबी केबल) योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पुरानी खुली लाइनें हटाकर इंसुलेटेड और सुरक्षित एबी केबल लगाने का काम ठेके के माध्यम से किया गया। यह काम ठेका एजेंसी के माध्यम से विद्युत वितरण कंपनी के प्रोजेक्ट विंग द्वारा कराया गया। इस कार्य में बिजली अधिकारी और ठेकेदारों ने मिलीभगत कर निम्न स्तर के एबी केबल लगाए। उनके द्वारा लगाए गए केबल ठेक के शर्तों के हिसाब से नहीं था। उसकी क्वालिटी भी खराब थी।

**खास बात**

- आरडीएसएस योजना के तहत जिले में 110 करोड़ की लागत से हुआ है काम

**इन अधिकारियों को सौंपी गई है जांच की जिम्मेदारी**

आरडीएसएस योजना के तहत जिले में भी 110 करोड़ रुपए का काम किया गया है। घोटाला का मामला उजागर होने के बाद चीफ इंजीनियर ने 5 जांच टीम गठित की गई है जिसमें कुल 20 सदस्यों को शामिल किया गया है। जांच टीम में डीई कटघोरा अंशु वारसने, एस के जायसवाल, विजलेंस बिलासपुर एस के खाखा, डीई कोरबा ग्रामीण एस के सोनी, डीई कटघोरा शेखर सोनी को जांच की कमान सौंपी गई है। जांच के बाद यह तय होगा कि इसमें किन किन लोगों की मिलीभगत थी जिसके बाद उन अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्यवाही की गाज गिरेगी।

**जांच के बाद गिरेगी और अधिकारियों पर गाज**

आरडीएसएस योजना के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में करोड़ो की लागत से काम किया गया है। जांच में घोटाला की शिकायत मिलने पर मुख्यालय से अफसरों की टीम आयी थी और जांच टीम ने रिपोर्ट रायपुर के वरिष्ठ अफसरों को सौंप दिया गया था, जिसके बाद महकमे में पदस्थ अधिकारियों पर गाज गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। बताया जाता है जिले में प्रोजेक्ट के ईई अभिमन्यु कश्यप पर निलंबन की गाज गिर चुकी है। अब मामले की फिर से बारीकी से जांच हो रही है। जांच में यह होगा कि इस पूरे मामले में कौन कौन शामिल हैं और क्या क्या सामान गुणवत्ताविहीन लगाई है जिसके बाद अन्य अधिकारियों पर भी निलंबन की गाज गिर सकती है।

**पांच टीम करेगी जांच**

आरडीएसएस योजना के तहत किए गए काम की जांच के लिए कार्यपालन निदेशक के निर्देश पर 5 अलग अलग टीम गठित की गई है। जिनके द्वारा आरडीएसएस के तहत किए गए काम की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की जाएगी और रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाएगी।
**-पी एल सिदार,** अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण विभाग कोरबा

# एसईसीएल के 9 विभागीय अस्पताल अब राज्य सरकार के अधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल के 9 विभागीय अस्पताल अब राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) के अधीन हो गए हैं। इनमें जिले के कोरबा, गेवरा व बांकीमोंगरा अस्पताल को भी एसएचए के अधीन किया गया है। इन अस्पतालों को पब्लिक-जीओआई हॉस्पिटल की नई श्रेणी में रखा जाएगा। राज्य के हेल्थ बेनिफिट पैकेज और नियमों के अनुसार प्रोत्साहन और सेवाएं मिलेंगी। उल्लेखनीय है कि कोयला मंत्रालय के निर्देश पर कोल इंडिया के कुल 25 अस्पताल अब राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) के अधीन आ गए हैं। इन अस्पतालों में मरीजों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। कोयला मंत्रालय के अलावा श्रम और रोजगार मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, गृह मंत्रालय, खान मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, रेल मंत्रालय, शिपिंग मंत्रालय के अस्पताल भी राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण को सौंपे गए हैं। छत्तीसगढ़ में कोल इंडिया के कई अस्पताल हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ रिजनल हॉस्पिटल, एसईसीएल चरचा, कोरिया रिजनल हॉस्पिटल, एसईसीएल कुरासिया शामिल हैं।

**खास बातें**

- अस्पतालों को पब्लिक जीओआई की श्रेणी में किया गया शामिल
- अस्पतालों में अब मरीजों को मिलेगी कैशलेस सुविधा

**इन 9 अस्पतालों को किया गया शामिल**

एसईसीएल के जिन 9 विभागीय अस्पतालों को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) में शामिल किया गया है उनमें एसईसीएल मेन हॉस्पिटल कोरबा, बांकीमोंगरा हॉस्पिटल, नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल गेवरा शामिल है। इसके अलावा कोरिया के रिजनल हॉस्पिटल चरचा, रिजनल हॉस्पिटल कुरासिया कोरिया, सेंट्रल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़, सेंट्रल हॉस्पिटल बिलासपुर, सेंट्रल हॉस्पिटल बिश्रामपुर, रिजनल हॉस्पिटल कोतमा कॉलरी अनूपपुर शामिल हैं।

# तन की शुद्धि स्नान से, मन की शुद्धि ध्यान से : पं. मेहता





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पितृमोक्षार्थ गया श्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने भगवान और भक्त के बीच जड़भरत का प्रहसन सुनाते हुए कहा कि यदि आपको भगवान से भक्ति करनी है तो वात्सल्य के साथ करिए। उन्होंने वात्सल्य को प्रेम से भी बड़ा बताते हुए कहा कि भगवत गीता में भगवान वात्सल्य शब्द आता है। भगवान भक्तों से वात्सल्य रखते हैं, ठीक उसी तरह जिस तरह मां अपने बच्चों से प्रेम नहीं बल्कि वात्सल्य रखते हैं। मां और बच्चों के बीच जो प्रेम होता है, उसे वात्सल्य कहते हैं।

पंडित श्री मेहता ने कहा कि जिस तरह से तन की शुद्धि स्नान से, मन की शुद्धि ध्यान से होती है, उसी तरह धन की शुद्धि दान से होती है। उन्होंने कहा कि अपनी आय का 10 प्रतिशत लाभांश दान में दें और रोज कुछ न कुछ अच्छा करिए। मैं यह नहीं कहता कि दान सिर्फ ब्राह्मणों को दें। गरीब कन्याओं, दिव्यांग कन्याओं के विवाह, गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए, अस्पताल, स्कूल निर्माण के दान में दें। अच्छा कर्म करने से व्यक्तित्व में निखार आता है। जड़भरत की कथा सुनाते हुए पंडित विजय शंकर मेहता ने कहा कि जड़भरत भारत के वे महान व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपनी पूरी फसल गायों को चरा दी थी और स्वयं मंदिर के पास बैठकर परिवार का पालन किया। उन्होंने कहा कि अपने मन के भोलेपन को दूसरों की भलाई में लगाईये। जो महान व्यक्ति पर अपराध करता है, उलट स्वयं के ऊपर आता है। मैं तो कहता हूं कि बुरे आदमी पर भी आप बुरा मत सोचिए। पंडित विजय शंकर मेहता ने कहा कि आप दूसरों के लिए अच्छा करते हैं, अच्छी बात है, लेकिन दूसरों से उम्मीद मत रखिए। उम्मीद परेशान करता है। उन्होंने जीवन में खुश रहने के उपाय भी बताए, कहा-ईश्वर के प्रति भरोसा मजबूत रखें, दूसरों के लिए मददगार बनें, शांत रहना सीखें, अहंकार रहित बनें, अपेक्षा रहित बने। जब ये सब गुण आ जाएंगे, तो यकीन मानिए, आपका परिवार भी खुशहाल बनेगा और परिवार बचा रहेगा। कथा के तीसरे दिन मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता कथा श्रवण करने जश्न रिसोर्ट पहुंचे और कथावाचक की दिव्य वाणी से निकली भगवत कथा का श्रवण किया। मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत ने कथा समाप्ति के बाद पंडित विजय शंकर मेहता से आशीर्वाद लिया।

## पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**कोरबा।** तीन साल पूर्व मामूली बात पर एक सिरफिरे पति ने अपनी पत्नी की डंडा से पीट पीटकर हत्या कर दी थी और पुलिस को चकमा देने के लिए उसकी लाश को सेप्टीक टैंक में ठिकाने लगा दिया था। मामले में तत्कालीन बालको थाना प्रभारी विजय चेलक ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामले को न्यायालय मे प्रस्तुत किया था और विवेचना अधिकारी श्री चेलक ने न्यायालय के सामने पर्याप्त सबूत पेश किए जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी पति को आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रुमगड़ा बस्ती की है। यहां निवासरत परमेश्वर राजपूत ने 18 जुलाई 2022 को बुधवारा बाई के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद तत्कालीन बालको थाना प्रभारी विजय चेलक ने मामले में गुम इंसान का मामला दर्ज कर तहकीकात शुरु की थी और बुधवारा बाई के घर पहुंची थी। जहां तात्कालीन थाना प्रभारी को वहां टॉयलेट के ऊपर रखी लकड़ियों पर शक हुआ। लकड़ियां हटाने पर टॉयलेट टैंक से बुधवारा बाई का शव बरामद हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ में मृतका के पति आरोपी रावेंद्र कुमार राजपूत ने जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि मां को खाना न देने की बात को लेकर उसका पत्नी बुधवारा बाई से विवाद हुआ था। इसी दौरान गुस्से में उसने तेंदू के डंडे से पत्नी के सिर पर वार कर हत्या कर दी।

# टिकट बुकिंग काउंटर के समीप चलेगा आरक्षण टिकट काउंटर


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन कोरबा में स्थित आरक्षण कार्यालय को अब स्थायी रूप से स्टेशन के मुख्य द्वार पर स्थित बुकिंग कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब तक आरक्षण कार्यालय का एक काउंटर स्टेशन से दूर स्थित एक अलग भवन में संचालित हो रहा था, जो मुख्य स्टेशन परिसर से दूर एवं सुरक्षा की दृष्टि से भी उपयुक्त नहीं था। यात्रियों की असुविधा एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। मुख्य बुकिंग कार्यालय में नई व्यवस्था की गई है जिसमें स्टेशन के मुख्य बुकिंग कार्यालय में अब एक अलग काउंटर केवल आरक्षित टिकट जारी करने के लिए उपलब्ध रहेगा।

# ट्रेलर के डाला की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी निवासी अजय कुमार अग्रवाल उम्र 49 वर्ष पिता बसंत लाल अग्रवाल ने 28 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को चालक केसर अंसारी विगत 2 वर्षों से चला रहा है। केसर अंसारी ने दोपहर लगभग 4 बजे फोनकर बताया कि 27 जुलाई को ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 के डाला को टीपी नगर गुरुद्वारा के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। जिस पर वाहन मालिक अजय कुमार के द्वारा थाना में डाला चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर चौकी प्रभारी सीएसईबी भीमसेन यादव एवं सायबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी के द्वारा अपनी टीम के साथ घटनास्थल एवं आसपास का सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया। मुखबीर की सूचना के आधार पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति मामले का प्रबल संदेही होने पर 25 अगस्त को चौकी प्रभारी सीएसईबी के नेतृत्व में टीम गठित कर बलौदाबाजार रायपुर रवाना किया गया था ।

# दस्तावेज जांच पर अटका दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का नियमितीकरण

**कोरबा।** बीते 15 वर्षों से आदिवासी विकास विभाग और आश्रम छात्रावास में काम करने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण दस्तावेज जांच पर आज तक अटका हुआ है। इसके अलावा आश्रम छात्रावास में काम करने वाले कलेक्टर दर दैनिक मजदूर को प्रतिमाह 4 हजार रुपए की दर से मिलने वाली श्रम सम्मान निधि की राशि भी 18 माह से नहीं मिली है। इस पूरे मामले के अनुसार आदिवासी विभाग के अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में तथा आश्रम छात्रावास में दो तरह के कर्मचारी काम कर रहे हैं। एक दैनिक वेतनभोगी दूसरा कलेक्टर दर दैनिक मजदूर इनमें दैनिक वेतनभोगी को शासन के द्वारा स्वीकृत नियमित पद के विरुद्ध रखा जाता है। वहीं कलेक्टर दर दैनिक मजूदर पर किसी को भी विभाग के द्वारा मौखिक आदेश पर अस्थायी रुप से कार्य करने के लिए रख दिया जाता है। जिले के आदिवासी विकास विभाग में इसी तरह के कर्मचारी कार्यरत हैं जिनमें आश्रम छात्रावास में कलेक्टर दर दैनिक मजदूर कार्य कर रहे हैं जिन्हें काम करते हुए सात साल बीत चुका है। वहीं दैनिक वेतनभोगी के 64 कर्मचारी बीते 15 साल से काम कर रहे हैं। जिनके नियमितिकरण को लेकर पिछले एक साल से कार्यवाही चल रही है। शासन से एक पत्र आया था उस पत्र के आधार पर उनके दस्तावेज की जांच कर इनके नियमितिकरण की कार्यवाही आगे बढ़ाई जानी थी जो अभी दस्तावेज जांच के कारण अटकी हुई है। नियमितिकरण के बाद इन्हें नियमित कर्मचारियों की भांति भुगतान होता। प्रदेश के सभी जिलों के आदिवासी विकास विभाग में काम करने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को नियमितिकरण हो चुका है।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अराध्या साहू केन्द्रीय विद्यालय नं. 03 कोरबा कुसमुंडा एस.ई.सी.एल में के कक्षा 5वीं में अध्यनरत है। मेरी पुत्री अराध्या साहू के समस्त अंकसूची में मेरा नाम धनंजय साहू अंकित हो गया है जो की लिपकीय त्रुटि से हुआ है, साथ ही मेरा वास्तविक नाम धनंजय कुमार साहू है। यह कि धनंजय साहू एवं धनंजय कुमार साहू दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है तथा इन दोनो नाम से जाना एवं पहचाना जाता है। यह कि मेरी पुत्री अराध्या साहू के समस्त अंकसूची में मेरे नाम जो की धनंजय साहू अंकित हो गया है को सुधारकर धनंजय कुमार साहू किया जा रहा है। इस संबंध में मेरे द्वारा शपथ-पत्र दिया जा रहा है। तद्नुसार आम ईश्तहार जन साधारण के लिए जारी है। सो, सूचना जाने।
जांजगीर
दिनाक 20/08/2025
**भवदीय**
**धनंजय कुमार साहू**
**पिता श्री हरिराम साहू**
**निवासी ग्राम पिसौद (जांजगीर)**
**हा.मु गेवरा बस्ती कोरबा**
**जिलाः कोरबा (छ.ग.)**
**मो.नं 9754525745**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अराध्या साहू केन्दीय विद्यालय नं. 03 कोरबा कुसमुंडा एस.ई.सी. एल में के कक्षा 5वीं में अध्यनरत है। मेरी पुत्री अराध्या साहू के समस्त अंकसूची में मेरा नाम बुधवारा साहू अंकित हो गया है जो की लिपकीय त्रुटि से हुआ है, साथ ही मेरा वास्तविक नाम बुधवारा है। यह कि बुधवारा साहू एवं बुधवारा दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है तथा इन दोनो नाम से जानी एवं पहचानी जाती है। यह कि मेरी पुत्री अराध्या साहू के समस्त अंकसूची में मेरे नाम जो की बुधवारा साहू अंकित हो गया है को सुधारकर बुधवारा किया जा रहा है। इस संबंध में मेरे द्वारा शपथ-पत्र दिया जा रहा है। तद्नुसार आम ईश्तहार जन साधारण के लिए जारी है। सो, सूचना जाने।
जांजगीर
दिनाक 20/08/2025
**भवदीय**
**बुधवारा पति धनंजय कुमार साहू**
**निवासी ग्राम पिसौद (जांजगीर)**
**हा.मु गेवरा बस्ती कोरबा**
**जिला कोरबा (छ.ग)**
**मो.नं. 9754525745**

**न्यायालय तहसीलदार बलौदा**
**जिला जांजगीर-चांपा छ. ग.**

### ईश्तहार/उद्घोषणा

रा.प्र.क./ / स131/2024-25 ग्राम -डोंगरी तहसील- बलौदा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त जन को सूचित किया जाता है कि नर्मदा प्रसाद पिता आत्माराम जाति सतनामी निवासी डोंगरी तहसील-बलौदा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा स्वयं का जन्म तिथि दिनांक 03/04/1968 को हुआ है। जो कि आवेदक के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 02/09/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
अनुसूची
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 18/08/2025 को जारी किया गया ।
**नायब तहसीलदार**
**बलौदा**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, ह्रदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट स्तन, कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।

लाइफ Style



# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आई हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।


कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।

हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील
## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में



आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।

## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख़ खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

**खबर संक्षेप**

## कोटवारों को उनकी भूमिका से कराया गया अवगत



**बिर्रा।** थाना बिर्रा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोटवार दल के प्रत्येक कोटवार एवं पत्रकारों को थाना बिर्रा परिसर में मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के मार्ग दर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी यदुमणी सिदार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बिर्रा जय कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में पत्रकारों एवं ग्राम कोटवारों को जनता के प्रति अच्छे संबंध स्थापित करने एवं निःस्वार्थ भाव से उनकी सहायता करने की बात कही। ग्राम कोटवारों को समाज व क्षेत्र के प्रति उनकी भूमिका से अवगत कराते हुये ग्राम कोटवारों द्वारा शासन की योजनाओं व क्षेत्र में वर्तमान तेज बारिश के दौरान नदी नाले मे जल स्तर बढ़ने के दौरान ग्रामीणों को सुरक्षा के मद्देनजर मुनादी के अतिरिक्त पुलिस के साथ यातायात व्यवस्था एवं अन्य कार्यो में सहभागिता बनाये रखने पर उपस्थित समस्त कोटवारों को श्रीफल, शाल, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया गया साथ बिर्रा थाना क्षेत्रातंर्गत के पत्रकार साथियों के कर्त्तव्य निष्ठा एवं क्षेत्र की समस्याओं एवं अन्य जनहित मुद्दो को प्रकाश में लाने के फलस्वरूप उपस्थित पत्रकारों को श्रीफल एवं शाल भेट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम समारोह को संचालित करने में बिर्रा थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू व थाना स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## कु. एलिजा खूंटे का हुआ एमबीबीएस में चयन

**देवरघटा।** डभरा विकास खंड डभरा के ग्राम बरतुंगा की कुमारी एलिजा खूंटे का चयन



एमबीबीएस में हुआ है। उन्होंने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्व अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव दाखिला लिया है। एलिजा के पिताजी चंद्रशेखर खूंटे एवं माता श्रीमती कविता खूंटे शिक्षक एवं शिक्षिका हैं। वह बचपन से ही मेधावी छात्रा रहीं हैं। उन्होंने कक्षा दसवीं 96 प्रतिशत एवं बारहवीं में 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे। एलिजा खूंटे ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजनों एवं कड़ी मेहनत को दिया है। एलिजा खूंटे खूंटे की सफलता पर ग्राम के सरपंच, पंचगण, रिश्तेदारों एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## निधन

### भजोराम कश्यप

**बहेराडीह।** समीपस्थ ग्राम कमरीद के प्रतिष्ठित



नागरिक भजोराम कश्यप का 26 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। वे सारागांव भाजयुमो मंडल के महामंत्री भुवनेश्वर कश्यप के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में अंचल के स्व जातीय बंधुओ के अलावा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए

### श्रीमती फुलेश्वरी बाई कश्यप

**मल्दा-बिर्रा।** ग्राम मल्दा के प्रतिष्ठित महिला



श्रीमती फुलेश्वरी बाई कश्यप का 72 वर्ष के आयु में 24 अगस्त को अकास्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र, तीन पुत्रियों और पोता-पोती सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र श्रवण कश्यप ने दी। उनके अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक एवं परिजन उपस्थित रहे।

### पंडालों में दस दिनों तक भजन-कीर्तन के साथ होगी विधि-विधान से पूजा-अर्चना

# चतुर्थी पर जगह-जगह प्रथम पूज्य भगवान गणेश की हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नगर सहित अंचल का माहौल बुधवार 27 अगस्त से विघ्नहर्ता की प्रतिमा स्थापना के साथ भक्तिमय हो गया है। इसके साथ ही जिले में दस दिनों का गणेश उत्सव प्रारंभ हो गया है।

गणेश चतुर्थी पर चहुंओर गणपति बाबा की गूंज सुनाई दी। दोपहर बाद से पंडालों में गणेश प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरु हो गया। पूरे विधि विधान से प्रतिमाएं विराजित की गई। लंबोदर की तीनों लोक में प्रथम पूजा की जाती है। गणपति चतुराई के देवता माने जाते हैं। ये माता-पिता की प्रथम पूजा का संदेश देते हैं। अंचल में गणेश उत्सव पर पूरे दस दिन अनंत चतुदर्शी तक भक्ति का वातावरण बना रहता है। सार्वजनिक पंडालों में से अधिकांश में भगवान गणेश स्थापित किए गए है। वहीं कुछेक बड़े पंडालों में साज-सज्जा का कार्य देर शाम तक चलता रहा। लंबोदर की सार्वजनिक पंडालों में स्थापना के अलावा घरों में भी भगवान की स्थापना की गई।

उत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंडालों में भजन-कीर्तन के अलावा सुबह-शाम विधि-विधान से भगवान की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस मौके पर क्षेत्र में पर्व का माहौल बन गया है। नगर के कचहरी चौक, अकलतरा चौक, स्टेशन रोड नैला, भाठापारा, शारदा चौक सहित शहर के विभिन्न मोहल्लों में भक्तिनुमा माहौल बन गया है। इसी तरह कई स्कूलों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। वही गणेश पंडालों की सजावट के लिये विभिन्न साज सामाग्री की दुकानों में दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। अब आने वाले अनंत चौदस तक इन सार्वजनिक पंडालों में लम्बोदर महाराज की पूजा अर्चना एवं आराधना के साथ दोनों वक्त की आरती विधि-विधान से संपन्न होगी। कचहरी चौक के पास जाज्वल्यदेव गणेशोत्सव समिति द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। पूरे कचहरी चौक को विशेष प्रकार के आकर्षक लाइट से सजाया गया है। बुधवार 27 अगस्त को भी गणेशोत्सव मनाने वाले सुविधानुसार ट्रेक्टर, रिक्शा, बाइक व अन्य साधनों से गणेश प्रतिमाएं ले जाते सड़कों पर दिखे। गणेश चतुर्थी को लेकर फल दुकानों में खासी भीड़ दिखाई दी। इधर त्यौहार को लेकर फल की खूब बिक्री हुई। लोग अनार, सेव, मुसम्मी, केला सहित अन्य फलों को खरीदते हुए नजर आए।



कचहरी चौक में विराजे भगवान गणेश।

## स्टेशन रोड पानी टंकी के पास अकलतरा के राजा की हुई स्थापना



**अकलतरा।** स्टेशन रोड पानी टंकी के पास श्री गणेश उत्सव समिति के तृतीय वर्ष गजानन की स्थापना कर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। समिति के द्वारा विराजित गजानन को प्रथम वर्ष से ही अकलतरा का राजा की संज्ञा दी गई है। समिति के द्वारा पंडाल को आकर्षक लाइटिंग, झंडे तोरण व पताका से सुसज्जित किया गया है। यहां पर स्थापित गणेश भगवान का का विग्रह प्रथम दृष्टि में ही अत्यधिक आकर्षक होने से भाव विभोर कर देता है। समूचा परिसर भक्ति भावना से ओत प्रोत है। समिति के सदस्यों ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान पंडाल में सुबह शाम संगीतमय आरती एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है साथ ही गणेश भगवान के दर्शन के लिए पधारे श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।



लोगों को जानकारी देते चौकी प्रभारी।

## अप्रिय घटना की जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को दें सूचना

■ गणेश उत्सव के मद्देनजर शांति समिति की हुई बैठक

**फगुरम।** फगुरम चौकी परिसर में 25 अगस्त को गणेश उत्सव के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण, पत्रकार, शांति समिति सदस्य एवं चौकी प्रभारी संतोष पाण्डेय सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना था। चौकी प्रभारी ने पर्व को आपसी भाईचारे और सहयोग के साथ मनाएं। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की बात कही गई। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा साइबर सेल की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचने की सलाह दी गई। किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर प्रतिक्रिया न देने तथा पासवर्ड जैसी निजी जानकारी सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए। पुलिस ने यह भी बताया कि साइबर संबंधी किसी भी शिकायत के लिए स्थानीय थाना या साइबर हेल्पलाइन 1930 से तत्काल संपर्क किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और पर्व के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा

**मालखरौदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ मृत्युंजय राठौर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर थानेश्वर पटेल के उचित मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वस्थ केंद्र मालखरौदा में 40 वा नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा के स्टॉफ के कर्मचारी अधिकारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ आर.के. राज. (शिशु रोग विशेषज्ञ) जितेन्द्र सिंह राज (स्टोर इंचार्ज) फार्मासिस्ट ऋतुनेताम , पुरूष स्वास्थय करता रवि खांडे नेत्र सहायक अधिकारी राजेंद्र लहरें , सुरेश मनहर , दिकपाल टंडन ,भूपेश राठौर ,मुकुंद कौशिक, विष्णु यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर बताया गया कि देश के साथ साथ छत्तीसगढ़ में भी नेत्र रोगियों की संख्या में करीब करीब 1500 से अधिक नेत्र रोगी कॉर्निया की अंधवक्त के कारण अंधेरे में जिंदगी जीने के लिए मजबूर है। जिसे नेत्र दान के लिए जन जागरूकता फैलाकर लोगों को नेत्र दान के लिए प्रेरित कर सके। सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध है। समय समय पर आंखों की जांच कराते रहना चाहिए। और वह जाकर नेत्रदान की पंजीयन कर सकते है।



## बच्चों को हमेशा नया सीखने के लिए करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

नवीन पाठ्यपुस्तक के अंतर्गत कक्षा छठवीं के गणित विषय का पांच दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी भवन में सम्पन्न हुआ। माध्यमिक शाला के 54 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिन बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने नवीन पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता व व्यपक बदलाव के उद्देश्य को बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। प्रशिक्षण ही हमे क्षमतावान बनाता है। कक्षा के बच्चों को बेहतर से बेहतर देने का प्रयास हमेशा शिक्षकों को करनी चाहिए। विषयवस्तु को बच्चों के लिए अनुकूल और रुचिकर बनाए। बच्चों को हमेशा नया सीखने के लिए प्रेरित करे। बच्चों को आप सरल से सरलतम भाषा का प्रयोग कर उन्हें समझाने का प्रयास करे। छोटे बच्चों के लिए गतिविधियों द्वारा अध्यापन सबसे श्रेष्ठ होता है। एनसीएफ एनईपी 2020 एफएलएन कि भाषा के साथ कक्षा छठवीं की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव उनके विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में प्राप्त कौशल को बेहतर विषयवस्तु के रूप में बताया गया है। नया पाठ्यक्रम विषय को अधिक व्यवहारिक और रुचिकर बना है। जिससे छात्र सक्रिय रूप से सीखने में भाग ले सके । समझ आधरित पाठ्यक्रम पर जोर दिया गया है। मास्टर ट्रेनर दिनेश देवांगन , पुष्पेंद्र यादव एवं अंजू राठौर ने अनेक गतिविधियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनरों ने पैटर्न खोज, कारण, आकृति की व्याख्या, रेखा, रेखाखण्ड , बिन्दुकिरण, कोण ,क्षेत्रफल , परिमाप , टोकन मॉडल , शून्य की दूसरी ओर व अन्य गतिविधियों पर 5 दिन तक लगातार चर्चा व ग्रुप चर्चा के साथ प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कला शिक्षा पर भी फोकस किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को पेन, डायरी, चार्ट पेपर, स्कैच पेन, दिया गया जिसमें में अनेक रुचिकर गतिविधियों से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर सुशील शर्मा, सुरेश देवांगन, राजेश कश्यप उपस्थित थे।



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकगण।

## अब जल्द ही शासकीय भवन में संचालित होगा जिला सहकारी बैंक

**बम्हनीडीह।** अब तक किराए के भवन में संचालित हो रहा जिला सहकारी बैंक बम्हनीडीह जल्द ही अपने शासकीय भवन् से कार्य करने लगेगा। दरअसल बैंक का भवन निर्माण कार्य वर्षों पहले जिला सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर द्वारा शुरू कराया गया था, लेकिन कागजी अड़चनों की वजह से यह अधूरा रह गया था। इस समस्या को लेकर पूर्व सरपंच मालती राजकुमार पटेल ने लगातार पहल की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पत्राचार कर अधूरी कागजी कार्यवाही पूरी करवाई और जिला सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील सोढ़ी से मिलकर भवन में शीघ्र बैंक संचालन की मांग रखी। पूर्व सरपंच की इस पहल पर सीईओ सुनील सोढ़ी स्वयं बम्हनीडीह पहुंचे और भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगामी 1 नवंबर से पहले बैंक का संचालन बाजार मोहल्ला स्थित नए भवन से शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार पटेल, बजरंगदल जिला सह संयोजक मयंक सराफ सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। नगरवासियों का मानना है कि भवन के पूर्ण होने से अब बैंकिंग कार्यों में लोगों को सुविधा मिलेगी और किराए पर संचालित व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी।



## कृषि क्षेत्र में नवाचार करने वाले किसानों को एसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

कृषि विज्ञान केंद्र ने कृषि क्षेत्र में नवाचार का काम कर छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाले स्थानीय जिले समेत पडोसी जिला सक्ति और रायगढ़ के पांच किसानों को सम्मानित किया है।

यह सम्मान एसपी विजय कुमार पाण्डेय के हाथों प्रदान किया गया। क्रृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ के डी महंत ने बताया कि क्रृषि अवशेष से कपड़ा बनाने वाले बलौदा ब्लॉक के सिवनी गाँव के कृषक संगवारी रामाधार देवांगन को एसपी विजय कुमार पाण्डेय के हाथों सम्मानित किया गया। जिन्होंने अलसी, भिंडी, चेच भाजी, अमारी भाजी, केला के तने से वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल और बिहान टीम के साथ कपड़ा बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री और और कई मंत्रियो को शाल और जैकेट भेंट कर चुके हैं। इसी तरह किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव को छत्तीसगढ़ की 36 भाजियो पर अनुसन्धान, विलुप्त चीजों को सहेजने, देशी बीजो का संरक्षण और संवर्धन, किसानों के सहयोग से किसानों के लिए किसान स्कूल खोलकर जिले का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाले दीनदयाल यादव का सम्मान किया गया। पडोसी जिला सक्ति के जाजंग की महामहिम राष्ट्रपति से राष्ट्रीय क्रृषि कर्मण पुरुष्कार से सम्मानित महिला किसान श्रीमती सुशीला गबेल, रायगढ़ जिले के खरसिया के कटौद गाँव के प्राकृतिक खेती करने वाले नारायण गबेल तथा रायगढ़ जिले के कोड़केल लैलूंगा के प्रगतिशील किसान गेंदा बाबा के नाम से मशहूर विद्याधर पटेल को उत्कृष्ट नवाचारी कृषक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्रृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ मनीष कुमार, डॉ राजीव दीक्षित, डॉ रंजीत मोदी, डॉ आशुलता ध्रुव, डॉ प्रदीप बनाफर, डॉ आशीष प्रधान, डॉ शशिकांत सूर्यवंशी, चंद्र शेखर खरे, मंगल, राजेश यादव, समेत अन्य वैज्ञानिकगण, किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



नवाचार करने वाले किसानों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक।

## सक्ती नगर को मिलेगी विकास की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

■ केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मिले पालिका अध्यक्ष अग्रवाल, 5 बड़े कामों के लिए रखी 2 करोड़ 76 लाख की मांग

सांसद कमलेश जांगड़े के निवास पर बिलासपुर सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री , आवास एवं शहरी विकास तोखन साहू के आगमन के दौरान नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के साथ नगर विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे।

अध्यक्ष अग्रवाल ने सक्ती नगर को आधुनिक स्वरूप देने के लिए निम्नलिखित 5 बड़े कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की मांग की। वार्ड क्रमांक 05 के पूरेन्हा तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य 50 लाख, आदिवासी समाज हेतु रानी दुर्गावती मूर्ति स्थापना एवं चौक निर्माण कार्य 25 लाख, वार्ड क्रमांक 06 के नए तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य 35 लाख, विभिन्न वार्डों में आंगनबाड़ी भवन निर्माण (08 नग) 96 लाख, दर्री तालाब (महामाया मंदिर) परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण कार्य 70 लाख शामिल है। अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से इन परियोजनाओं के लिए कुल 2 करोड़ 76 लाख की राशि शीघ्र स्वीकृत करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ये कार्य नगर के सौंदर्यीकरण, जनसुविधा और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी हैं, जिस पर जल्द जल्द आगे की कार्यवाही करने का आश्वासन मंत्री ने दिया। नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि सक्ती नगर को सुविधाओं और सौंदर्य के मामले में एक आदर्श नगर बनाया जाए। इन कार्यों से न केवल बुनियादी ढांचे में सुधार होगा बल्कि नगर की पहचान भी बढ़ेगी।



केन्द्रीय मंत्री को मांग पत्र सौंपते पालिकाध्यक्ष।

# शहर की विद्युत व्यवस्था लंबे अर्से से बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

■ थोड़ी सी हवा चलने व पानी गिरने से हो जाती है बिजली गुल

शहर की विद्युत व्यवस्था विगत लंबे अर्से से बदहाल है। थोड़ी सी भी हवा चलने और पानी गिरने के साथ ही मौसम साफ रहने पर भी किन्ही कारणों से विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। ऐसे में नगर की खराब विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर नागरिकों में दिनोंदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते विभाग द्वारा नगर की बदहाल विद्युत व्यवस्था को नहीं सुधारा गया तो भविष्य में आक्रोशित जनता बड़ा आंदोलन कर सकती है।

नगर में विगत कुछ माह से विद्युत व्यवस्था छुईमुई हो गई है। थोड़ी सी भी हवा चलने और पानी गिरने अथवा लाइटनिंग होने से तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। कभी कभी तो हद तब हो जाती है जब साफ मौसम होने के बाद भी पता नहीं किन्ही गड़बड़ियों के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। बीच में स्थानीय विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा विद्युत दरों में वृद्धि किए जाने के विरोध में आंदोलन किया जा चुका है। अब लगता है कि शहर की बद्तर स्थिति में पहुंच चुकी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर भी आक्रोशित जनता विद्युत मंडल के खिलाफ बड़ा आंदोलन कर सकती है। कुछ माह पूर्व यहां से स्थानांतरित कनिष्ठ यंत्री महेश जायसवाल द्वारा संवाद सीएसपीडीसीएल के नाम से नगर के विद्युत उपभोक्ताओं का एक व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण किया गया था। इस ग्रुप के माध्यम से नगर के विद्युत उपभोक्ता अपनी समस्या विभाग के समक्ष रखते थे, जिसे देखकर विभागीय अधिकारियों द्वारा विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारणों की जानकारी देकर आपूर्ति बहाल करने के समय की जानकारी दी जाती थी। अब नगर में नवपदस्थ सहायक यंत्री भूपेश साहू द्वारा इस व्हाट्सएप ग्रुप में केवल ग्रुप एडमिन को ही मैसेज डालने का अधिकार प्रदान कर आम उपभोक्ताओं को इससे वंचित कर दिया गया है। इसके कारण भी शहर के विद्युत उपभोक्ताओं में जबर्दस्त आक्रोश देखा जा रहा है। पूर्व में विभाग द्वारा नगर में एक अतिरिक्त सब स्टेशन का निर्माण कराए जाने से विद्युत समस्या का हल होने की बात कही गई थी, लेकिन इस दिशा में भी भूमि आबंटन का कार्य अब तक लंबित है। इसके कारण भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। इसके अतिरिक्त जानकारों का कहना है कि विभाग द्वारा पूर्व में लगाए गए ट्रांसफार्मर, जम्फर, इंसुलेटर और विद्युत तार आदि उपकरण गुणवत्ताहीन लगाए गए है। इसके चलते भी समय समय पर फाल्ट आने के कारण शहर की विद्युत आपूर्ति पर प्रतिकूल असर पड़ता है।



## आकाशवाणी पर दीदी के गोठ कार्यक्रम का प्रसारण 31 को

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के तहत किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के सम्बन्ध में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम के प्रथम एपिसोड का प्रसारण रविवार 31 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे से प्रदेश के आकाशवाणी के समस्त केन्द्रों से किया जाएगा।







